5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
Northern Coalfields Limited
(मिनीरत्न कंपनी))A Miniratna Company)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी ((A subsidiary of Coal India Limited)
मानव संसाधन विकास विभाग/ HRD Department
CIN- U10102MP1985GOI003160
ISO 9001, ISO 14001, ISO 27001 & ISO 45001 Certified Company
पोस्ट-सिंगरौली कोलियरी, जिला- सिंगरौली (म.प्र.), पिन 486889 / Post- Singrauli Colliery, Distt: Singrauli, M.P., PIN 486889
Phone: 07805- 256405, email: gm.ceti.ncl @coalindia.in website : www.nclcil.in

पत्र क्रमांक :एनसीएल/अप्रेंटिस-एमएमएसकेवाई/सीईटीआई/एचआरडी/2026-27/ 864 दिनांक: 11.11.2026

सूचना

मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना (MMSKY) के अंतर्गत छात्र-प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (NCL) द्वारा मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना (Mukhyamantri Seekho-Kamao Yojana – MMSKY) के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों से विभिन्न ट्रेड/विषयों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (OJT) हेतु छात्र-प्रशिक्षणार्थी (Student-Trainees) के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इस योजना के अंतर्गत NCL में पाँच विभिन्न ट्रेड/विषयों में कुल **100 प्रशिक्षण अवसर** उपलब्ध कराए जाने प्रस्तावित हैं। प्रशिक्षण अवसरों, मासिक स्टाइपेंड तथा NCL एवं मध्यप्रदेश शासन के अंशदान का विवरण निम्नानुसार है:

1. ट्रेड/विषयवार प्रशिक्षण अवसर एवं मासिक स्टाइपेंड का विवरण: -

क्र.सं.	छात्रप्रशिक्षणार्थियों का - विषय/ट्रेड	कुल प्रशिक्षण अवसर	कुल मासिक स्टाइपेंड (₹)	NCL का अंशदान (25%) (₹)	शासन का अंशदान (75%) (₹)
1	ITI Electrician	20	8,500/-	2,125/-	6,375/-
2	ITI Fitter	20	8,500/-	2,125/-	6,375/-
3	ITI Welder	20	8,500/-	2,125/-	6,375/-
4	Bachelor of Arts (BA)	20	10,000/-	2,500/-	7,500/-
5	Bachelor of Commerce	20	10,000/-	2,500/-	7,500/-

नोट: उपर्युक्त स्टाइपेंड मासिक आधार पर है तथा इसका भुगतान MMSKY के लागू प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

2. पात्रता संबंधी शर्तें: -

निम्नलिखित पात्रता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं:

a. अभ्यर्थी मध्यप्रदेश का निवासी होना चाहिए।
b. **आयु सीमा:** अभ्यर्थी की आयु NCL में दस्तावेज सत्यापन/जॉइनिंग हेतु उपस्थित होने की तिथि को 18 वर्ष पूर्ण तथा 29 वर्ष से कम होनी चाहिए। दस्तावेज सत्यापन/जॉइनिंग की तिथि को निर्धारित आयु संबंधी

पात्रता पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को छात्र-प्रशिक्षणार्थी के रूप में प्रशिक्षण हेतु पात्र नहीं माना जाएगा।

विषयवार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:

छात्र-प्रशिक्षुओं का विषय/व्यवसाय	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
ITI इलेक्ट्रीशियन	इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय में ITI उत्तीर्ण
ITI फिटर	फिटर व्यवसाय में ITI उत्तीर्ण
ITI वेल्डर	वेल्डर व्यवसाय में ITI उत्तीर्ण
कला स्नातक (BA)	कला संकाय में स्नातक (BA)
वाणिज्य स्नातक (B.Com)	वाणिज्य संकाय में स्नातक (B.Com)

c. अभ्यर्थी के पास संबंधित ट्रेड/विषय के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए।
d. अभ्यर्थी के पास वैध समग्र आईडी होनी चाहिए तथा निर्धारित ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण होनी चाहिए।
e. अभ्यर्थी का बैंक खाता आधार से लिंक होना चाहिए तथा उसमें प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) की सुविधा सक्रिय होनी चाहिए।
f. अभ्यर्थी को MMSKY के अंतर्गत निर्धारित अन्य सभी पात्रता शर्तें भी पूरी करनी होंगी।

3. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की महत्वपूर्ण तिथियाँ: -

विवरण	तिथि
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	15.11.2026
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	30.11.2026, रात्रि 11:59 बजे तक

a. अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार अपना पंजीयन एवं ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करना होगा।
b. अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य लागू पात्रता शर्तों का निर्धारण MMSKY के लागू प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।
c. आयु संबंधी पात्रता का सत्यापन विशेष रूप से NCL में दस्तावेज सत्यापन/जॉइनिंग हेतु उपस्थित होने की तिथि को किया जाएगा, जैसा कि खंड 2 में उल्लेखित है।
d. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें, ताकि अंतिम समय में किसी तकनीकी समस्या से बचा जा सके।
e. निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
Northern Coalfields Limited
(मिनीरत्न कंपनी))A Miniratna Company)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी ((A subsidiary of Coal India Limited)
मानव संसाधन विकास विभाग/ HRD Department
CIN- U10102MP1985GOI003160
ISO 9001, ISO 14001, ISO 27001 & ISO 45001 Certified Company
पोस्ट-सिंगरौली कोलियरी, जिला- सिंगरौली (म.प्र.), पिन 486889 / Post- Singrauli Colliery, Distt: Singrauli, M.P., PIN 486889
Phone: 07805- 256405, email: gm.ceti.ncl @coalindia.in **website** : www.nclcil.in

4. आवेदन की प्रक्रिया: -

a. पात्र अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के आधिकारिक पोर्टल https://mmsky.mp.gov.in पर अपना पंजीयन करना होगा।
b. जिन अभ्यर्थियों का पोर्टल पर पूर्व से पंजीयन है, उन्हें अपनी प्रोफाइल पूर्ण एवं अद्यतन करना सुनिश्चित करना होगा।
c. पंजीयन के उपरांत अभ्यर्थी पोर्टल पर लॉगिन कर नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (NCL) द्वारा प्रकाशित प्रशिक्षण अवसरों को देख सकते हैं।
d. अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं पात्रता के अनुरूप संबंधित ट्रेड/विषय के विरुद्ध ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
e. आवेदन केवल MMSKY पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
f. अभ्यर्थियों को आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच कर लेनी चाहिए।

5. चयन प्रक्रिया: -

a. NCL द्वारा प्रकाशित प्रशिक्षण अवसरों के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों की निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुसार जांच की जाएगी।
b. पात्र अभ्यर्थियों को योजना के प्रावधानों के अनुसार ऑनलाइन, दूरभाष अथवा अन्य उपयुक्त माध्यम से साक्षात्कार/बातचीत हेतु बुलाया जा सकता है।
c. शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन एवं आगे की जॉइनिंग संबंधी औपचारिकताओं के लिए निर्धारित स्थान पर उपस्थित होने हेतु बुलाया जा सकता है।
d. अभ्यर्थियों का अंतिम चयन MMSKY के लागू प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार NCL द्वारा किया जाएगा।
e. चयन अभ्यर्थी की पात्रता के सत्यापन तथा MMSKY पोर्टल पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रशिक्षण अनुबंध की स्वीकृति के अधीन होगा।
f. केवल आवेदन प्रस्तुत करने मात्र से अभ्यर्थी को चयन अथवा प्रशिक्षण प्राप्त करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

6. स्टाइपेंड एवं प्रशिक्षण संबंधी शर्तें: -

a. चयनित अभ्यर्थियों को ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (OJT) हेतु छात्र-प्रशिक्षणार्थी (Student-Trainees) के रूप में रखा जाएगा तथा उन्हें NCL के नियमित कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं होगा।
b. चयनित छात्र-प्रशिक्षणार्थियों को MMSKY के लागू प्रावधानों के अनुसार मासिक स्टाइपेंड देय होगा। NCL एवं मध्यप्रदेश शासन का अंशदान योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

c. प्रशिक्षण अवधि, उपस्थिति एवं अन्य शर्तें MMSKY के लागू प्रावधानों तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होंगी।

d. निर्धारित औपचारिकताएँ पूर्ण होने तथा MMSKY पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण अनुबंध की स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा।

e. चयनित छात्र-प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान अपने आवास, भोजन एवं परिवहन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। NCL द्वारा छात्र-प्रशिक्षुओं को आवास, भोजन अथवा परिवहन की कोई सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

f. अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों (Areas) में कार्यग्रहण करने के पश्चात्, सभी छात्र-प्रशिक्षुओं (Student-Trainees) की विधिवत प्रमाणित उपस्थिति (Authenticated Attendance) संबंधित क्षेत्र द्वारा नियमित रूप से सत्यापन एवं वजीफे (Stipend) के भुगतान की प्रक्रिया हेतु HRD विभाग, NCL मुख्यालय को प्रेषित की जाएगी।

7. महत्वपूर्ण निर्देश: -

a. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व MMSKY पोर्टल पर उपलब्ध पात्रता शर्तों एवं दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें।

b. पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई समस्त जानकारी की शुद्धता एवं प्रमाणिकता की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

c. गलत, भ्रामक जानकारी अथवा जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में अभ्यर्थी की उम्मीदवारी/चयन निरस्त किया जा सकता है तथा लागू नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है।

d. साक्षात्कार/बातचीत, दस्तावेज़ सत्यापन अथवा चयन प्रक्रिया से संबंधित किसी अन्य औपचारिकता हेतु उपस्थित होने पर अभ्यर्थियों को NCL द्वारा कोई यात्रा भत्ता (TA)/दैनिक भत्ता (DA) देय नहीं होगा।

e. उपर्युक्त प्रशिक्षण अवसरों की संख्या MMSKY के लागू प्रावधानों एवं सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन होगी।

f. NCL को लागू दिशा-निर्देशों एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार किसी भी प्रशिक्षण अवसर अथवा चयन प्रक्रिया में संशोधन, वापसी अथवा निरस्तीकरण का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

g. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी एवं अद्यतन सूचनाओं के लिए MMSKY के आधिकारिक पोर्टल तथा NCL की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

11/11/24

महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास)
CETI, एनसीएल मुख्यालय,
सिंगरौली, मध्य प्रदेश